हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 24 दिसंबर 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री


12 कोंडागांव विधायक ने की शासकीय योजनाओं ...





12 युवा आगे बढ़ें, मंच और अवसर दोनों खुले ...




## खबर संक्षेप

### 15वें वित्त आयोग मद से बड़े नाले के निर्माण का मिला आश्वासन



**जगदलपुर।** शिव मंदिर वार्ड में कचरा प्रबंधन की समस्या को लेकर उत्कल समाज के अध्यक्ष राजेश दास द्वारा की गई शिकायत पर नगर निगम प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया। बताया गया कि प्रतिदिन कचरा संग्रहण आटो के आने के बावजूद कुछ वार्डवासी कचरा वाहन में न डालकर बड़े नाले के पास फेंक रहे हैं, जिससे क्षेत्र में गंदगी, दुर्गंध और स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ रहे हैं। इस शिकायत को लेकर वार्ड पार्षद निर्मल पाणिग्राही, महापौर संजय पांडे एवं निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा ने स्थल निरीक्षण किया। महापौर की पहल पर आयुक्त ने 15वें वित्त आयोग मद से बड़े नाले के निर्माण का आश्वासन दिया। नाले के निर्माण के बाद कचरा एक स्थान पर एकत्र होगा, जलभराव की समस्या कम होगी और वार्डवासियों को स्थायी राहत मिलेगी। साथ ही निगम प्रशासन ने अपील की कि सभी नागरिक कचरा केवल कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें, जिससे स्वच्छता अभियान को सफलता मिल सके। निरीक्षण के दौरान वार्ड में घनश्याम दास, नारायण जोशी और आलोक दास मौजूद रहे।

### विरोध : मांग पूरी करने दो दिन के अल्टीमेटम के साथ दिया ज्ञापन

# धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने गरावंडकला केंद्र में तालाबंदी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धान खरीदी केंद्र में लिमिट बढ़ाने गरावण्डकला में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही मांग पूरी करने दो दिन के अल्टीमेट के साथ ज्ञापन सौंपा गया। बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य व पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में बस्तर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम कश्यप तथा नगरनार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सेठिया के नेतृत्व में आंदोलन किया गया गया। दयाराम कश्यप और संतोष सेठिया ने बताया गरावण्डकला के धान खरीदी केन्द्र में धान खरीदी की लिमिट कम होने से किसानों को धान विक्रय में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में ज्ञापन दिया गया था परंतु शासन-प्रशासन द्वारा इस समस्या को लेकर धान खरीदी केन्द्रों में लिमिट बढ़ाने प्रयास नहीं हुआ। जिससे किसानों को अपना धान विक्रय हेतु भटकना पड़ रहा है । समय कम होने से किसानी को अपनी उपज को विक्रय न कर पाने का डर सता रहा है। जिस कारण आज गरावण्डकला धान खरीदी केन्द्र के समस्त किसान एवं कांग्रेस द्वारा धान खरीदी केन्द्र में तालाबन्दी की गई। हमारी मांग पूरी होने तक यह तालाबन्दी जारी रहेगी। साथ ही दो दिन का अल्टीमेटम दिया जाता है यदि मांग पूरी नहीं होती है तो पूरे धान खरीदी केंद्रों में तालाबंदी की जाएगी।

■ किसानों के साथ कांग्रेस ने दिया धरना

#### ये रहे उपस्थित

इस दौरान भोजराज नाग, तिलक यादव, संजय नाग जगेश बघेल, बनमाली,धनपति,चन्द्रशेखर गोयल,त्रिनाथ बेलसरिया, प्यारे बघेल,लिम्सर बघेल, महादेव, रमेश पत्रो,नीलकण्ड गोयल,मधु सेठिया, बलिराम, श्याम बघेल, मोतीराम बघेल, तुलसीराम सेठिया, सोनू बघेल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# नड्डा से बयान के लिए करे एनआईए पूछताछ : बैज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में प्रेसवार्ता में आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा का यह बयान कि झीरम के मामले में हमला करवाने के लिए अपने लोगों को मरवाने के लिए कां ग्र े सी नक्सलियों से संपर्क कर रहे थे। यह बयान देकर उन्होंने झीरम के शहीदों का अपमान किया है। उनके परिजनों के घावों पर नमक छिड़क रहे है। उनका बयान आपत्तिजनक और स्तरहीन है। कांग्रेस मांग करती है कि एनआईए ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ तत्कालीन सीएम का नार्को टेस्ट करवा लिया जाए झीरम का पूरा सच सामने आ जाएगा

■ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा पर पीसीसी अध्यक्ष ने बोला हमला

#### सुप्रीम कोर्ट के आदेश आने तक सरकार बदल गई

दीपक बैज ने कहा भाजपा ने झीरम का सच रोकने कदम-कदम पर षड़यंत्र किया। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद झीरम हमले की जांच के लिये एसआईटी का गठन किया गया था। लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार एनआईए से झीरम की फाइल एसआईटी को नहीं देने दिया। एनआईए को हाईकोर्ट ने भी राज्य की एसआईटी को फाइल देने का आदेश दिया। तब एनआईए सुप्रीम कोर्ट अपील में चली गई, पांच साल के अदालती लड़ाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 2023 को एनआईए की अपील खारिज करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की एसआईटी झीरम मामले की जांच कर सकती है एनआईए फाइल वापस करे। सुप्रीम कोर्ट के फैसला आने तक राज्य में सरकार बदल गयी थी।



## जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में 92 फीसदी मतदान

**जगदलपुर।** बस्तर जिला अधिवक्ता संघ का प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव मंगलवार को संपन्न हुआ। अधिवक्ताओं में बार का नेतृत्व चुनने के प्रति खासा उत्साह देखा गया। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत अन्य पदों के लिए संघ के 460 मतदाताओं में 428 ने मताधिकार का उपयोग किया। इस प्रकार नब्बे फीसदी मतदान हुआ, सुबह से शाम तक मतदान हुआ। दिनभर न्यायालय परिसर में गहमागहमी रही। पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्यों की दोपहर से ही भीड़ रही। वहीं प्रत्याशियों की जीत को लेकर कयास लगाए जाते रहे। संघ की स्वस्थ परंपरानुसार ▶▶|शेष पेज 12 पर

## पेसा कानून दिवस पर विशाल जनसभा होगी आज

**जगदलपुर।** पंचायती राज अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार अधिनियम यानी पेसा कानून के 29 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को लालबाग मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जगदलपुर चलो के नारे के साथ आदिवासी स्वशासन, ग्रामसभा की सर्वोच्चता और संविधान सम्मत लोकतांत्रिक अधिकारों की पुनर्स्थापना की मांग को लेकर लोग जुटेंगे। सर्व आदिवासी समाज के युवा प्रभाग अध्यक्ष संतू मौर्य ने बताया कि यह आयोजन केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के ऐतिहासिक अधिकारों की पुनर्स्मृति और ग्रामसभा को पुनः सशक्त करने का ▶▶|शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप

### अवैध लकड़ी परिवहन पर वन विभाग ने की कार्रवाई



**फरसगांव।** केशकाल वनमंडल अन्तर्गत वन विभाग के द्वारा वनों में अवैध कटाई व परिवहन एवं अवैध वनभूमि पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई कर रहे है। इसी क्रम में केशकाल वनमंडलाधिकारी दिव्या गौतम के निर्देश एवं उप वनमंडलाधिकारी फरसगांव एनके सिन्हा के मार्गदर्शन में फरसगांव वन परिक्षेत्र अधिकारी आरएस यादव के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने वन प्रबंधन समिति के सहयोग से सेमल लकडी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई किया गया। मुखबीर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने अशोक लिलेण्ड मिनीरमांक सीजी 04 एल.आर. 8266 से 106 नग सेमल के लटठा (11.264 घन मीटर ) लकडी पकडा गया । जांच में लकडी परिवहन के दस्तावेज मांगा गया तो मौके पर वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। जिसके बाद वन विभाग के द्वारा पी.ओ,आर.क्रमांक-19475/ 07 दिनांक 20 दिसम्बर 2025 जारी किया गया। विभाग द्वारा विधिवत कार्रवाई की जा रही हैं। इस कार्रवाई के दौरान वन विभाग के पीलाराम दीवान, गजेन्द्रनाथ नाईक, पवन कुमार नाग, डोमार सिंह नेताम, भूनेश्वर पाण्डे, महेंद्र मंडावी, गुदाराम मरकाम, श्रवण कुमार नेताम उपस्तिथ रहे ।

### आपदा पीड़ित के वारिस को 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिस को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा कोण्डागांव तहसील के ग्राम बड़ेबेन्दरी निवासी पार्वती यादव की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पति पुरनलाल यादव, पुत्र दिलीप यादव, पुत्री लखमी यादव, प्रमिला यादव, सावित्री यादव को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

# कोंडागांव विधायक ने की शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने शनिवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विधायक ने योजनाओं के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया।

विधायक सुश्री उसेंडी ने स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता, आवश्यक जांच सुविधाएं और चिकित्सकीय उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। बैठक में धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए विधायक ने बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही राशन की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की भी जानकारी ली गई।

## स्वास्थ्य, शिक्षा, धान खरीदी और निर्माण कार्यों पर दिया विशेष जोर

### बालिकाओं व विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच पर जोर

किशोरी बालिकाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों एवं स्कूली विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की स्थिति की समीक्षा करते हुए विधायक ने एक माह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, विद्यालय भवन निर्माण, बस्तर विकास प्राधिकरण एवं अन्य विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता के साथ समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।



### रोजगार, जल जीवन मिशन और श्रम योजनाओं की समीक्षा

विधायक ने कौशल विकास योजनाओं के तहत प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने तथा श्रम विभाग द्वारा शिविर आयोजित कर योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**उत्सव :** कनेरा रोड ऑडिटोरियम में हुआ भव्य आयोजन, 250 युवा कलाकार ले रहे भाग

# युवा आगे बढ़ें, मंच और अवसर दोनों खुले हैं : विधायक उसेंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- विधायक ने जिला स्तरीय युवा उत्सव का किया शुभारंभ

कनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय युवा उत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर उत्सव का उद्घाटन किया तथा प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

अपने संबोधन में विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि जिले के युवा ब्लॉक स्तर से आगे बढ़कर जिला स्तर तक पहुंचे हैं और उनमें राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक जाने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां युवाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाती हैं। युवाओं को अपनी रुचि के क्षेत्र में निरंतर मेहनत कर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

**ये रहे उपस्थित**–कार्यक्रम में मनोज जैन, दीपेश अरोरा, जितेंद्र सुराना, हिना श्रीवास्तव, सोनामणि पोयाम, सुश्री सुषमा खोब्रागड़े, लक्ष्मी ध्रुव, अभिनाश पांडे, खेम वैष्णव, टंकेश्वर पानिग्रही, राजेंद्र राव, वैंकटेश राव, ब्रिजेश तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, प्रतिभागी युवा एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### सरकार युवाओं को दे रही निरंतर मंच : नपाध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए निरंतर मंच उपलब्ध करा रही है। युवा उत्सव उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### 5 विकासखंडों से 250 कलाकार ले रहे हिस्सा

जिला खेल अधिकारी सुश्री सुधा कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव में जिले के 5 विकासखंडों से लगभग 250 कलाकार भाग ले रहे हैं। चयनित विजेता आगामी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### विविध विधाओं में आयोजित हो रही प्रतियोगिताएं

युवा उत्सव के अंतर्गत लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुवा नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद–विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक नृत्य एवं रॉक बैंड जैसी विविध विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

# फरसगांव में करोड़ों की लागत के शैक्षणिक भवनों का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- शिक्षा सुविधाओं को मिलेगी नई मजबूती

केशकाल विधानसभा विधायक नीलकंठ टेकाम ने सोमवार को फरसगांव ब्लॉक अंतर्गत वर्षों से लंबित शैक्षणिक भवन निर्माण की मांगों को पूरा करते हुए करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किये, जिसमे ग्राम कुम्हारबड़गांव में स्वीकृत नवीन हाईस्कूल भवन, ग्राम हिर्री में स्वीकृत नवीन हायर सेकेंड्री स्कूल भवन और ग्राम शंकरपुर में स्वीकृत नवीन हायर सेकेंड्री स्कूल भवन का भूमिपूजन संपन्न किया गया।

भूमिपूजन अवसर पर विधायक नीलकंठ टेकाम ने अपने उद्बोधन में भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं शिक्षा क्षेत्र में हो रहे तेज विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन भवनों से ग्रामीण अंचल के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान प्रशांत पात्र, मूलचंद पांडे, लोकनाथ निषाद, धनराज पांडे, प्रवीण पाण्डे, प्रवीण राव हितेश साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एप आधारित टोकन व्यवस्था से किसानों को मिल रही बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- जिले में धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से जारी
- उपार्जन केंद्रों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- अब तक 10 लाख क्विंटल से अधिक धान का उपार्जन

राज्य शासन की मंशानुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से जारी है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा धान खरीदी प्रक्रिया को सरल, किसान–हितैषी एवं तकनीक आधारित बनाया गया है, जिससे किसानों को अपनी उपज विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, आद्रता मापी यंत्र सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी उपार्जन केंद्रों की नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और किसानों को सही तौल एवं गुणवत्तापूर्ण खरीदी का लाभ मिल सके। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की स्थिति में जिले के उपार्जन केंद्रों से अब तक 10 लाख 4 हजार 141 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक उपार्जन किया जा चुका है, जो जिले में धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था और किसानों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

### 67 केंद्रों में 1304 किसानों ने किया धान विक्रय

उन्होंने बताया कि आज जिले के 67 धान खरीदी केंद्रों में कुल 1304 किसानों ने धान का विक्रय किया, जिनमें से 818 किसानों ने मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर धान विक्रय किया।

### 24 घंटे ऑनलाइन टोकन से समय और मेहनत की बचत

राज्य सरकार द्वारा लागू 24 घंटे की ऑनलाइन टोकन व्यवस्था किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। इससे किसानों का समय बच रहा है, खरीदी केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ कम हो रही है और पूरी व्यवस्था अधिक सुचारू बनी हुई है। बड़ी संख्या में किसानों द्वारा ऑनलाइन टोकन प्रणाली को अपनाना इस बात का प्रमाण है कि किसान डिजिटल सुविधाओं पर भरोसा कर रहे हैं।

# घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई पोलिया की दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- 0 से 5 वर्ष के 76,188 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

जिले में 21 दिसंबर 2025 को पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 76,188 बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला कलेक्टर सुश्री नूपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चर्तुवेदी के मार्गदर्शन में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रतीक चौधरी के नेतृत्व में अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में कुल 779 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इन बूथों पर 1,559 स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यक्रम के प्रभावी संचालन एवं निगरानी के लिए 83 पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं। छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 6 ट्रांजिट टीम एवं 3 मोबाइल टीम का गठन किया गया है। ये टीमें बाजार, ईंट–भट्टों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी।

### तीन दिवसीय अभियान, घर–घर टीकाकरण

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि 21 दिसंबर को अभियान के प्रथम दिवस पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई गई। इसके बाद 22 एवं 23 दिसंबर को घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए।

### जिला प्रशासन की नागरिकों से अपील

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाकर पोलियो की दो बूंद पिलवाएं और जिले को बाल लकवा मुक्त बनाने में सहयोग करें।

# टाइप–1 डायबिटीज पीड़ित बच्चों के लिए पहली बार रोगी सहायता समूह बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- बाल मधुमेह से जूझ रहे बच्चों व परिवारों को मिला चिकित्सकीय और भावनात्मक संबल
- उपचार, देखभाल और दैनिक जीवन पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

टाइप–1 डायबिटीज बाल मधुमेह से पीड़ित बच्चों एवं उनके परिवारों के लिए कोण्डागांव जिले में पहली बार विशेष रोगी सहायता समूह बैठक का आयोजन किया गया। यह पहल राज्य सेल, जिला स्वास्थ्य समिति कोण्डागांव, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ एवं एकम फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से संपन्न हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य टाइप–1 डायबिटीज से प्रभावित बच्चों व उनके परिजनों को सही चिकित्सकीय जानकारी, उपचार प्रबंधन, इंसुलिन उपयोग, पोषण, स्कूल में देखभाल एवं दैनिक सावधानियों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना था। विशेषज्ञों ने बीमारी के कारण, लक्षण और नियमित उपचार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में उपस्थित परिवारों ने अपनी चुनौतियां और अनुभव साझा किए। संवादात्मक चर्चा सत्र के माध्यम से अभिभावकों और बच्चों को प्रश्न पूछने और व्यावहारिक समाधान प्राप्त करने का अवसर मिला, जिससे आपसी सहयोग और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई।

**डॉक्टरों ने बच्चों को सकारात्मक सोच के लिए किया प्रेरित** –शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रूद्र कश्यप ने कहा कि टाइप – 1 डायबिटीज एक चुनौती जरूर है, लेकिन इससे जीवन को सीमित नहीं किया जा सकता। उन्होंने बच्चों को आत्मबल बनाए रखने और अपने सपनों की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**जागरूकता और सपोर्ट नेटवर्क की दिशा में अहम कदम**– विशेषज्ञों ने बताया कि टाइप–1 डायबिटीज के मामलों में वृद्धि हो रही है और जानकारी के अभाव में कई बार स्थिति गंभीर हो जाती है। ऐसे में यह बैठक बच्चों और परिवारों को जागरूक, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

**13 बच्चे एवं उनके परिवार हुए शामिल**– इस रोगी सहायता समूह बैठक में जिले के 13 टाइप–1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चे एवं उनके परिजन शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी, यूनिसेफ स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी व चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में लिए गए फीडबैक में परिवारों ने बैठक को अत्यंत उपयोगी बताया और भविष्य में इस तरह की बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

# बैंक लंबित प्रकरणों का करे निराकरण : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक के संयोजन में किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न बैंकों एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी बैंक अधिकारियों को शासकीय योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृति से संबंधित लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने में बैंकों की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, भारतीय स्टेट बैंक सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### आजिविका व उद्यमिता योजनाओं की समीक्षा

बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम तथा अंत्यवसायी सहकारी विकास समिति की योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

### केसीसी एवं बीमा योजनविशेष ध्यान

कलेक्टर ने मत्स्य, पशुपालन एवं कृषि विभाग के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी से जुड़े लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित अन्य बीमा योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर जोर दिया गया।

पेज 11 के शेष

### नड्डा से बयान...

नड्डा से पूछताछ करें कि उनका इस बयान देने का आधार क्या है। जेपी नड्डा के पास इस बात का क्या सबूत है उनका नार्को टेस्ट भी करवाया जाय। उन्हें इस बयान के लिए माफी मांगना चाहिए। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि जेपी नड्डा पर भारतीय जनता पार्टी कार्रवाई करे।

प्रदेशाध्यक्ष श्री बैज ने कहा कि कांग्रेस ने झीरम हमले में अपने नेताओं की पूरी एक पीढ़ी को खोया है । एनआईए ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह से पूछताछ क्यों नहीं की। तत्कालीन सीएम का भी नार्को टेस्ट करवा लिया जाए, झीरम का पूरा सच सामने आ जायेगा। कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को सुरक्षा क्यों नहीं दी गई थी । क्यों एनआईए आज तक झीरम हमले के दोषियों तक नहीं पहुंच पायी। जेपी नड्डा इस प्रकार का बयान दे रहे है, उनके पास तथ्यात्मक आधार क्या है, एनआईए को उनसे पूछताछ करनी चाहिए। इसके गुनाहगारों को सजा से बचाने के लिए भाजपा लगातार षड़यंत्र करती रही है। एक साथ विपक्ष के 32 नेताओं की हत्या हो गयी और तत्कालीन सरकार सच सामने आने देने से रोकने में पूरी ताकत लगा रखी थी। भाजपा के तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने झीरम की जांच रोकने पीआईएल क्यों लगाया था।

**इनकी रही मौजूदगी-** प्रेसवार्ता में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, गौरनाथ नाग, रविशंकर तिवारी, सेवादल के कौशल नागवंशी, राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष निकेतराज झा, अनुराग महतो, नीतीश शर्मा मौजूद रहे।

### जिला अधिवक्ता संघ ...

चुनाव में स्वतंत्र रूप से ही उम्मीदवारी की गई थी। प्रत्याशी विशेष का पैनल नहीं बनाया गया था। मतदान के लिए महिला मतदाताओं में भी खासा उत्साह रहा। संघ से जुड़े कुछ ऐसे सदस्यों ने भी समय निकालकर मतदान किया, जो वर्तमान में कोर्ट में प्रैक्टिस नहीं कर रहे हैं। चुनाव अधिकारी ने बताया कि 90 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किए हैं। चुनाव संपन्न कराने के लिए निवार्चन अधिकारी के रूप में अशफाक खान समेत सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में मलय झा, अर्पित मिश्रा, वर्षा सोनी, मो. हबीब एवं श्वेता टिकाम शामिल रहे। बताया जा रहा है कि चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए आनंद विश्वकर्मा और विक्रमादित्य झा के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं उपाध्यक्ष पद (पुरुष) के लिए अवधेश झा और रमेश पाणिग्रही, उपाध्यक्ष पद (महिला) पद पर प्रीति वानखेड़े और संगीता चौहान के बीच कड़ा मुकाबला रहा। सचिव पद के लिए लिखेश्वर जोशी, पवन राजपूत और संतोष चौधरी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला रहा। सह सचिव पद पर भरत सेठिया और रोनी फर्नांडिस के बीच सीधा टक्कर है।

**ये हो चुके हैं निर्विरोध-**अन्य पदों पर एक-एक प्रत्याशी होने से पहले से ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। इनमें कोषाध्यक्ष पद पर दीनबंधु रथ, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पद पर हेलिना गिरिधरन, ग्रंथपाल पद पर ओमप्रकाश यादव, कार्यकारणी सदस्य पद पर गणेश कुमार दहिया, परमजीत कुमार मोहना, रामूराम मौर्य, संतोष, विपिन मालवीय और कार्यकारणी सदस्य (महिला आरक्षित) पद पर संगीता श्रीवास्तव निर्विरोध निर्वाचित हो चुकी हैं।

### पेसा कानून दिवस...

प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और आदिवासी समाज में गांव गणराज्य तथा प्रत्यक्ष लोकतंत्र की परंपरा सदियों पुरानी रही है। जहां सामूहिक निर्णय, सहमति आधारित शासन और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व जीवन का मूल दर्शन रहा है। आयोजकों के अनुसार इस अवसर पर मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के संविधान सभा में दिए गए ऐतिहासिक वक्तव्यों को भी स्मरण किया जाएगा। जिनमें उन्होंने कहा था कि आदिवासियों को लोकतंत्र सिखाने की आवश्यकता नहीं, बल्कि उनसे लोकतंत्र सीखने की जरूरत है। बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, गुंडाधुर, झाड़ा सिरहा, सिद्धू-कान्हू और टंट्या मामा जैसे महान शहीदों का संघर्ष इस बात का प्रमाण है कि आदिवासी समाज हमेशा अपने निर्णय स्वयं लेने का पक्षधर रहा है। भूरिया समिति (1994) की सिफारिशों के आधार पर बने पेसा कानून, 1996 ने अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा को सर्वोच्च संस्था का दर्जा दिया। कानून के तहत विकास कार्यों के लिए ग्रामसभा की पूर्व सहमति, संसाधनों पर सामुदायिक नियंत्रण और परंपरागत व्यवस्थाओं को मान्यता देने का प्रावधान किया गया है।

## खबर संक्षेप

### बेड़ागुड़ा में निर्वाचक नामावली का प्रकाशन



**तोकापाल।** ग्राम पंचायत बेड़ागुड़ा में एसआईआर की तहत चुनाव आयोग की निर्देशनुसार राजूर-3 और राजूर-5 बेड़ागुड़ा में निर्वाचक नामावली 2026 का प्रकाशन किया गया है। प्रकाशन में बेडागुडा सरपंच सोनादई, वार्ड पंच, बीएलओ साथ में ग्रामीणों ने भाग लिया। अगर किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो राजूर 3 और राजूर 5 बेड़ागुड़ा की नये मतदाता अपना नाम जोड़ व सुधार हेतु ग्राम पंचायत बेडागुडा की बीएलओ सुदरु राम यादव से संपर्क कर सकते है। ग्राम बेडागुडा में आकर लिस्ट देख सकते है। जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों का भी सहयोग मिला।

### शिवानंद आश्रम में हो रहा योग साधना शिविर

**गीदम।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवानंद आश्रम, दिव्य जीवन संघ शाखा गुमरगुड़ा द्वारा ब्रह्मलीनस्वामी सदाप्रेमानंद सरस्वती महाराज की 33वीं पुण्यतिथि एवं आराधना दिवस का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पौष शुक्ल षष्ठी 26 दिसम्बर शुक्रवार को आश्रम परिसर में संपन्न होगा। इस अवसर के उपलक्ष्य में 20 से 26 दिसम्बर तक 7 दिवसीय योग साधना शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। योग साधना शिविर के दौरान प्रतिदिन योगासन, प्राणायाम, ध्यान, सत्संग एवं आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन किया जाएगा। जिससे साधकों एवं श्रद्धालुओं को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभ प्राप्त हो सके। कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ाने हेतु इस अवसर पर दिव्य जीवन संघ, मुख्यालय ऋषिकेश के महासचिव स्वामी अद्वैतानंद सरस्वती महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### वाहन पंजीकरण व नवीनीकरण अनिवार्य

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रत्येक वाहन स्वामी को अपने स्वामित्व में पंजीकृत वाहन का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र एवं उपयुक्तता प्रमाण-पत्र की वैधता समाप्त होने पर उसका नियमानुसार नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 45 एवं 56 तथा केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 के नियम 52 एवं 62 में इस संबंध में स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। प्रमाण-पत्र की अवधि समाप्त होने के पश्चात वाहन का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।

# बास्तानार धान खरीदी केंद्र में तौल से अधिक लिया जा रहा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

बास्तानार की लेम्प्स धान खरीदी केंद्र में अनियमितता देखने को मिल रही है। जहां किसान अपनी धान को बेच कर घर को खुशहाल बनाने में लगे है। वही बास्तानार धान खरीदी केंद्र की प्रभारी किसानों की धान को अधिक तौल कर लूट रहा है। साथ में सुकती की नाम से और अधिक तौल रहा है। प्रभारी ने अपने चहेतो को तो बिना फाला किये बराबर तौल रह है। किसानों से धान ख़राब व भूसा की नाम से लूट मचा रखा है। बास्तानार खरीदी प्रभारी के द्वारा किसानों को परेशान किया जा रहा है। साथ में धान खरीदी व्यवस्था में व्याप्त अमितताओ, टोकन प्रक्रिया में हो रही देरी, सरकार द्वारा खरीदी सीमा नहीं बढ़ाई जाने, नमी के नाम पर धन लौटाने तथा कटौती जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर किसानों में आक्रोश है। वही इसी बात को लेकर कांग्रेस पार्टी चक्का जमा कर सरकार को घेर रही है। वही बास्तानार धान खरीदी प्रभारी ने किसानो को



परेशान कर रखा है जबकि किसानों से धान का मुख्यतः तौल 40 किलो लिया जाना चाहिए और बोरा मापन की लिये 400 ग्राम लगभग लेना चाहिए था।

वही सरकार ने शासन प्रशासन को धान खरीदी केंद्र की निगरानी की लिये चेक पोस्ट बना कर बाहरी धान को रोक रही है। वही धान को लेकर धान प्रभारियों ने किसानों को परेशान किया हुआं है। सरकार की धान खरीदी के लक्ष्य को कैसे पूरा होगा ज़ब किसान धान खरीदी केंद्र तक लाते है तो प्रभारी द्वारा कई अनीमितताओं की वज़ह से वापस ले जाते है। वहीं प्रभारी को ख़ुश कर लेता है तो उनका धान ले लेते है। किसानों ने वैसे ही तोकापाल के मारेंगा धान खरीदी केंद्र में खरीदी केंद्र को ताला लगा रखा था। शासन ने फिर वहां के कर्मचारियों को बदला, वैसे ही शासन प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण में कई खामिया मिल रही है कही तो बाथरूम नहीं, कही तो पीने के पानी नहीं। एर्राकोट खरीदी केंद्र में तो बोरा लेने तीन किलोमीटर जाना पड़ता है।

## धान खरीदी केंद्र पहुंचने पर किसानों ने किया स्वागत

# लैम्पस कोलावल में रकबा शून्य त्रुटि से परेशान किसानों की समस्या पर विधायक ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा/भोंड

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लैम्पस कोलावल धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने विधायक लखेश्वर बघेल पहुंचे।

धान खरीदी केंद्र में पहुंचते ही वहां उपस्थित किसानों ने विधायक का स्वागत किया। किसानों ने रकबा शून्य दिखने की गंभीर समस्या से अवगत कराया। धान खरीदी केंद्र में पहुंचे किसानों ने विधायक को अपनी समस्या से

■ धान नहीं बिकने की स्थिति में किसानों में भारी चिंता व्याप्त

रूबरू कराते हुए बताया कि वे टोकन कटाने धान खरीदी केंद्र आए, लेकिन पट्टे की जमीन में रकबा जीरो दिखाया जा रहा है, जिसके कारण वे धान विक्रय नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने बताया कि वे प्रति वर्ष नियमित रूप से पंजीयन कर धान खरीदी केंद्र में धान विक्रय करते रहे हैं, लेकिन इस वर्ष पहली



बार अचानक रकबा शून्य दिखने से वे अत्यंत परेशान हैं।

जिन किसानों का रकबा शून्य दर्शाया गया है उनमें जोगेश्वर, जुगसाय, सोनफुल, लखीचंद, भिरेडा फूलसिंह, रतिराम, मंगलू , बैसाखी, केशव राम, सोमारी, सोमरू बलीराम। पिछले वर्ष 40 से 80 क्विंटल तक धान विक्रय करने वाले किसान परेशान है। किसानों ने विधायक को बताया कि उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड से ऋण लिया है। धान नहीं बिकने की स्थिति में ऋण चुकाने को लेकर किसानों में भारी चिंता और मानसिक दबाव बना हुआ है।

### विधायक ने तहसीलदार को दिए तत्काल सुधार के निर्देश

विधायक लखेश्वर बघेल ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने करपावंड तहसीलदार गौतम गर्व, नायब तहसीलदार सुनील ध्रुव एवं संबंधित पटवारियों को निर्देश दिए। जिन किसानों का रकबा शून्य दिख रहा है, उसका तत्काल निराकरण कर त्रुटि सुधार किया जाए किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होना चाहिए। विधायक ने कहा किसान कड़ी मेहनत कर फसल पैदा करता है। खाद, बीज और मजदूरी के बढ़े हुए दामों में खेती करता है यदि किसान को उसकी मेहनत का फल समय पर नहीं मिलता, तो यह प्रशासन और सरकार की व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। मेरी मंशा स्पष्ट है कि किसानों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। लैम्पस कोलावल धान खरीदी की वर्तमान स्थिति कुल पंजीकृत किसान 884, अब तक धान विक्रय करने वाले किसान 157, कुल धान खरीदी 11,933 क्विंटल। विधायक लखेश्वर बघेल द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद किसानों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही रकबा संबंधी त्रुटि सुधार कर उन्हें धान विक्रय का अवसर मिलेगा और उनकी आर्थिक परेशानी दूर होगी। उन्होंने कहा की अगर किसानों की समस्या निराकरण नहीं हुई तो मुझे किसानों के साथ आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में बीजापुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बिलासपुर में आयोजित 23वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में बीजापुर खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बीजापुर खेल अकादमी के 9 बालिका एवं 3 बालक सहित कुल 12 खिलाड़ियों ने सहभागिता की जिनमें से खिलाड़ियों

■ 3 पदक जीते, 2 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

ने 2 सिल्वर एवं 1 ब्रॉन्ज सहित कुल 3 पदक अपने नाम किए। क्रॉस कंट्री रेस में संतोषी भंडारी ने अंडर-16 बालिका वर्ग की 2 किमी दौड़ में सिल्वर मेडल, जबकि पूजा वाचम ने अंडर-18 वर्ग की 4 किमी दौड़ में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त बीजापुर जिले के 2 खिलाड़ियों का चयन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 25



जनवरी 2026 को रांची झारखंड में आयोजित होने वाले 60वीं नेशनल क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

उल्लेखनीय है कि चयनित एवं पदक विजेता खिलाड़ी बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के एथलेटिक्स प्रशिक्षु हैं जो शासकीय नवीन कन्या हाई स्कूल एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की छात्राएं हैं।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कलेक्टर संबित मिश्रा एवं प्रभारी खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एथलेटिक्स कोच संदीप कुमार गुप्ता बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी भी उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के संबंध में आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों की बैठक सह प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा ने की।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिले में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारूप ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 23



दिसम्बर को किया गया है। इस अवसर पर मतदाता सूची की बूथवार मुद्रित एवं डिजिटल प्रतियां सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई गईं। उन्होंने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ की वेबसाइट एवं जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर भी प्रदर्शित की गई है। पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा अपात्र नाम हटाने के लिए दावा-आपत्ति की अवधि 23 दिसम्बर से 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। इसके पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि जो युवा मतदाता 1 जनवरी 2026 को या उससे पहले 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं अथवा 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष के हो जाएंगे, उन्हें फार्म-6 के माध्यम से घोषणा पत्र सहित आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### नन्ही मन्नत ने पायी नई जिंदगी

**दंतेवाड़ा।** मुख्यालय के ग्राम कटियाररास वार्ड क्रमांक 3 की नन्ही बच्ची मन्नत तर्मा आज स्वस्थ, मुस्कुराती और सामान्य जीवन की ओर लौट चुकी है। अपनी नन्ही बच्ची के बीमारी के तनाव से झेल चुकी देवी तर्मा इस संबंध बताती है कि दुर्भाग्य से नन्ही मन्नत जन्म से ही वह जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित थी और महज 1 वर्ष 3 माह की उम्र में ही मन्नत ने इस गंभीर बीमारी और पीड़ा का सामना किया, वह किसी भी परिवार के लिए अत्यंत कठिन परीक्षा थी। लेकिन शुरुआती दौर में हम दोनों माॅ-बाप इस बीमारी की पहचान नहीं सके। विगत अगस्त माह से ही मन्नत की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। उसे सांस लेने में तकलीफ होने के साथ-साथ वह बार-बार बीमार पड़ने लगी और इस तरह उसकी मासूम हंसी धीरे-धीरे दर्द में बदल रही थी। इसी दौरान जिला चिकित्सालय में बच्ची के भर्ती के दौरान चिरायु टीम 'ए' ने संवेदनशीलता और तत्परता दिखाते हुए मन्नत की गंभीर स्थिति को पहचाना और तत्काल उपचार की प्रक्रिया शुरू की। 26 नवंबर को चिरायु टीम 'ए' के सहयोग से मन्नत को रायपुर ले जाया गया और 27 नवंबर को वेंकटेश हॉस्पिटल, रायपुर में उसे भर्ती कराया जाकर विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में आवश्यक जांच एवं उपचार की प्रारंभिक प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस दौरान 28 नवंबर को मन्नत का सफल हृदय ऑपरेशन किया गया, जिसने उसके जीवन को नई दिशा दे दी। यह ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और मन्नत के लिए एक नया सवेरा लेकर आया।



# महिला किसान की भूमिका समाज और अर्थव्यवस्था की रीढ़ : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के दरभा ब्लाक ग्राम पंचायत कटेनार में आज किसान दिवस के अवसर पर विशेष महिला किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिला किसान, स्वयं सहायता समूहों की दीदियां, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मैं केवल जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि स्वयं एक किसान हूं और आज भी खेती से जुड़ा हुआ हूं। किसान की मेहनत, संघर्ष और आत्मसम्मान को मैं भली-भांति समझता हूं। उन्होंने कहा कि महिला किसान आज केवल खेती तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मुर्गी पालन, बकरी पालन, सब्जी उत्पादन और अन्य स्वरोजगार गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर रही हैं।

उन्होंने महिला किसानों की भूमिका को समाज और अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की





विभिन्न योजनाओं का वास्तविक लाभ जब महिलाओं तक पहुंचता है, तब उसका प्रभाव पूरे परिवार और गांव पर पड़ता है। उन्होंने महिला किसानों से अपील की कि वे आधुनिक तकनीकों को अपनाएं, समूहों के माध्यम से कार्य करें और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम के दौरान मुर्गी पालन, बकरी पालन एवं कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला किसान दीदियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर महिला किसानों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार देखने को मिला। कई महिला किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे कृषि एवं पशुपालन के माध्यम से उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार किया है। मानकदेई कश्यप जनपद अध्यक्ष दरभा, रामबती भंडारी जनपद अध्यक्ष तोकापाल, हरिप्रसाद कश्यप जनपद उपाध्यक्ष दरभा, कमलू राम कवासी जनपद सदस्य, लखीधर बघेल जिला उपाध्यक्ष, फूलसिंह सेठिया जिला मंत्री, देवी प्रसाद वेंजाम मंडल अध्यक्ष, दरभा, संतोष बघेल अजजा मोर्चा, जिला अध्यक्ष, नारायण कुरानी महामंत्री, मंडल दरभा, दूर्जन कश्यप, चंद्रकांत भंडारी, अरुण नेताम, धर्मेंद्र ठाकुर, दिनेश पांडे , नकुल ठाकुर, ललिता नाग सरपंच कटेनार, कारी मंडावी, पंडरू राम मरकाम, बाबूल नाग, सुरेश सिंह, सुखराम कश्यप, सुखराम, भूपेंद्र ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्ता साथी तथा महिला समूह उपस्थित रहे।

# एनएमडीसी पॉलिटेक्निक में एनएसएस ने लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

राष्ट्रीय सेवा योजना एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक द्वारा जिला रक्त बैंक दंतेवाड़ा के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराना था। रक्तदान शिविर में जिला रक्त बैंक दंतेवाड़ा की टीम से डॉ. सोनल, राजू खट्टर, युवराज



साहू, वंदना कुमार, सीमा उरकुड़े, सुदान नाग, संगीता निषाद एवं शिवानी कुडेम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी देखरेख में रक्तदान की प्रक्रिया सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। शिविर में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान के स्टाफ सदस्य अमर श्रीवास्तव एवं पंकज शर्मा ने भी रक्तदान कर स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाया।

इस शिविर के माध्यम से कुल 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने रक्तदाताओं, जिला रक्त बैंक की टीम तथा सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### पूर्व ग्राम सहायक को उपस्थित होने के निर्देश

**दंतेवाड़ा।** न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उप संचालक पंचायत, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा से प्राप्त जानकारी के आधार पर पंचायत निधि की बकाया राशि की वसूली संबंधी प्रकरण न्यायालय में लंबित है। प्राप्त विवरण के अनुसार डीएन झाड़े, भूतपूर्व ग्राम सहायक, जनपद पंचायत कटेकल्याण द्वारा पंचायत कोष की राशि वर्ष 1990-91 में कुल 1,28,349.50 रूपये जमा नहीं की गई है। उक्त राशि की वसूली हेतु प्रकरण वर्तमान में अनुविभागीय दण्डाधिकारी के न्यायालय में विचाराधीन है। अतः डीएन झाड़े भूतपूर्व ग्राम सहायक जनपद पंचायत कटेकल्याण को निर्देशित किया गया है कि वे 26 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे अथवा इसके पूर्व न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

# कामरेड वहीद कुरैशी की पत्नी का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के स्थापना के 100 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में दिवंगत कामरेडों को याद कर उनके कार्यो को याद किया गया। वहीं उनकी पत्नी को स्टेज पर सम्मान मिला।

■ झुग्गी झोपड़ीवासियों के हक के लिए हमेशा रहे सजग

शहर के कम्युनिस्ट नेता शेख वहीद कुरैशी की पत्नी नूरजहां बेगम का सम्मान पार्टी के बड़े नेताओं ने किया।

गौरतलब है कि भैरमदेव वार्ड के शेख वहीद कुरैशी ताउम्र सीपीआई से जुड़कर गरीबों की सेवा करते रहे। उन्हें झुग्गी झोपड़ी और गरीबों का मसीहा कहा जाता



रहा है। उनके घर कामरेड होमीदाजी, कामरेड सुधीर मुखर्जी और एबी वर्धन समेत देश के कई बड़े नेता आते थे। वे कामरेड लक्ष्मण झाड़ी की तरह पार्टी के लिए समर्पित रहकर दीन दुखियों की सेवा में तत्पर रहते थे। इस मौके पर अन्य कामरेडों को भी याद कर उनकी पत्नीयों का सम्मान किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार छिन्दगढ़, जिला सुकमा (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

रा.प्र.क्र. / ......./ ब-121/ 2025-26
ग्राम वीराभट्टी तहसील छिन्दगढ़,
जिला सुकमा (छ.ग.)

एतद् द्वारा ग्राम वीराभट्टी के आम नागरिकों को इस उद्घोषणा के द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सोड़ी लक्ष्मण पिता सुकडा जाति मुरिया ग्राम वीराभट्टी तहसील छिन्दगढ़, जिला सुकमा (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन पत्र सह अनुपलब्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक द्वारा स्वयं के पुत्र नाम सोड़ी सोमड़ा पिता सोड़ी लक्ष्मण का मृत्यु प्रमाण पत्र मांग किया गया है, जिसका दिनांक 14.05.2025 को ग्राम भण्डारी पारा पुलिस कैम्प पाकेला में मृत्यु होना दर्शाया गया है। अतः आवेदक द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है।

अतः उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को लिखित या भौतिक दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पत्र जारी होने की तिथि से अवकाश के दिन को छोड़कर किसी भी न्यायालयीन दिवस एवं समय में दिनांक 29.12.2025 तक प्रातः 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। नियत तिथि तथा समय के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय का मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
छिन्दगढ़, जिला सुकमा

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 2227/ब-121/2025-26

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बोण्डकुराम पिता फुलचंद जाति भतरा ग्राम सोनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने माता स्व. गुरबारी निवासी ग्राम सोनपुर तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.) का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के माता स्व. गुरबारी पति फुलचंद ग्राम सोनपुर का दिनांक 25/03/2022 को मृत्यु हुई है। आवेदक बोण्डकुराम पिता फुलचंद जाति भतरा ग्राम सोनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के माता स्व. गुरबारी का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 31/12/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 17/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 2261/ब-121/2025-26

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रतनी बघेल पति उदय बघेल जाति माहरा ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदिका स्वयं अथवा अपने ससुर स्व. जोंधरी बघेल निवासी ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.) का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदिका के ससुर स्व. जोंधरी बघेल पिता स्व. राजमन बघेल ग्राम करपावण्ड का दिनांक 05/06/2008 को मृत्यु हुई है। आवेदिका रतनी बघेल पति उदय बघेल जाति माहरा ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर स्वयं अथवा आवेदिका के ससुर स्व. जोंधरी बघेल का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 31/12/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 17/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 2015/ब-121/2025-26

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीवरधन भारती पिता स्व. सामो जाति भतरा ग्राम धनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने माता स्व. पंचमी भारती निवासी ग्राम धनपुर तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.) का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के माता स्व. पंचमी भारती पति स्व. सामो भारती ग्राम धनपुर का दिनांक 07/11/2019 को मृत्यु हुई है। आवेदक जीवरधन भारती पिता स्व. सामो जाति भतरा ग्राम धनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर स्वयं अथवा आवेदक के माता स्व. पंचमी भारती बघेल का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 29/12/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 10/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

## खबर संक्षेप

### मानवता सामाजिक संस्था ने गरीबों को बांटे गरम कपड़े और सामान



**जगदलपुर।** मानवता सामाजिक संस्था ने रविवार को एकत्रित वस्त्रों व अन्य सामग्रियों का वितरण किया। संस्था के सदस्य विकास बरड़यि अशोक जैन, जगजीत सिंह तथा अवधेश शुक्ल ने ग्राम करंजी मे बच्चों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों की उपस्थिति में सामग्रियों का वितरण किया। इसमें सूती, गर्म वस्त्र सहित स्टेशनरी, खिलौने थे। चैतन्य कश्यप व रामलाल का विशेष सहयोग रहा।
इसी तारतम्य में तांडपाल मे भी वस्त्र वितरण पश्चात तारागांव, गरिया, मासापारा मे सामग्रियां वितरित की गयीं। कार्यक्रम सफल बनाने मे गुंडरुराम कश्यप तथा मुन्नालाल बघेल का विशेष योगदान रहा।

### बांग्लादेश में हिन्दुओं को सुरक्षा देना जरूरी सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** शिव सेना ने बांगला देश में हो रहे हिन्दुओं पर अत्याचार का विरोध किया है । हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए विश्व मानव अधिकार के तहत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बांगला देश में कानून व्यवस्था बनाने पहल करने की मांग की गई है। बांगलादेश में हिन्दुओं को सुरक्षित रखा जा सके। जहां भारी आक्रोश देखा जा रहा है । प्रधानमंत्री से शिव सेना निवेदन करती है कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इस बात को रखे ताकि हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर अंकुश लगाने का प्रयत्न किया जा सके। इस संबंध में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को दिया गया है।

# विधायक किरण देव की पहल पर मिली 55 करोड़ के सड़कों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के नये आयाम स्थापित किए जा रहे है। प्रदेश सरकार के सुशासन की नीति के तहत विकास की रोशनी अब ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच रही है। विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं के सशक्तिकरण के साथ विकास की नई राह पर अग्रसर है। विधायक के प्रयास से क्षेत्र में सड़क, पुल, पुलिया निर्माण और संपर्क मार्गो को मिली स्वीकृति ने नई उम्मीद और विश्वास का संचार किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 55 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुयी है। नगरनार, दरभा एवं नानगुर मंडल में 16 बहुप्रतीक्षित सड़को का निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें तिरिया से पुलचा तक 14.5 किलोमीटर लागत 16 करोड़ 11 लाख , मुंड़ा गड़ रोड़ से टोटापारा तक 4.5 किलोमीटर लागत 4 करोड़ 74 लाख रुपए, कोलेंग से नेतानार तक 3.5 किलोमीटर लागत 3 करोड़ 14 लाख रुपए, 30 से जड़ीगुड़ा पारा मारकेल तक 1.5 किलोमीटर लागत 1 करोड़ 52 लाख रुपए, जमावाड़ा से काकरवाड़ा तक 2.50 किलोमीटर लागत 2 करोड़ 44 लाख रुपए, जामावाड़ा रोड़ से कसरीपारा जामिवाड़ा तक 2.2 किलोमीटर सड़क लागत 2 करोड़ रुपए, नेतानार स्कूल से चेचालगुर तक 2.76 किलोमीटर सड़क लागत 2 करोड़ 37 लाख रुपए, जीरा गांव रोड़ से खास पारा तक सड़क 2.5 किलोमीटर लागत 2 करोड़ 76 लाख रुपए, काकरवाड़ा रोड़ से पटेल पारा नवागुड़ा 2.24 किलोमीटर सड़क लागत 2 करोड़ 24 लाख रुपए, कोलेंग से साहूकापारा तक सड़क 2.6 किलोमीटर लागत 2 करोड़ 90 लाख रुपए। . छिंदावाड़ा से रामपाल तक सड़क निर्माण 2.18 किलोमीटर लागत 2 करोड़ 13 लाख रुपए, भाटागुड़ा रोड़ से सेड़वा तक 2.25 किलोमीटर लागत 2 करोड़ 25 लाख रुपए, लैण्डा अटल चौक से भाटागुड़ा टिकरापारा तक सड़क 3.46 किलोमीटर सड़क लागत 3 करोड़ 35 लाख रुपए, मारेगा बाइपास से पनारपारा तक सड़क निर्माण 1.95 किलोमीटर लागत 2 करोड़ 20 लाख रुपए, ग्राम पंचायत लैण्डा से मांझी गुड़ा पारा तक 2.35 किलोमीटर सड़क लागत 2 करोड़ 38 लाख रुपए, सुरंदवाड़ा से बड़ेबोदल तक 1.8 किलोमीटर सड़क लागत 1 करोड़ 85 लाख रुपए की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

### मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का माना आभार



#### विधायक ने माना सीएम और डीसीएम का आभार

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के इन सड़कों के निर्माण कार्य से क्षेत्र के जनता के लिए आवागमन सुगम होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच मजबूत होगा। करोड़ों के प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत होने पर किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार मानते कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की दूरदर्शी, संवेदनशीलता और जनकल्याणकारी सोच का परिणाम है। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है कि प्रदेश का कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित ना हो।

#### क्षेत्रवासियों की मांग पर कार्यो की स्वीकृति

किरण देव ने कहा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश का चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। सड़कों की मांग वर्षो से क्षेत्रवासियों ने किया था। जिसपर जनमानस के मांग के अनुरूप राज्य शासन को पत्र लिखकर मांग रखा गया था। मांग को गंभीरता से लेकर शासन ने कार्यो की स्वीकृति प्रदान किया है।

## मामले में कांकेर एसपी, अंतागढ़ एसडीएम, तहसीलदार पर भी करें जांच

# बड़ेतेवड़ा गांव के घटना की उच्च स्तरीय स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच कराई जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र बड़ेतेवड़ा गांव की घटनाक्रम के उच्च स्तरीय, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। जनजातीय आस्था और परंपरा पर हमला करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही इस पूरी घटना में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने वाले जिला पुलिस अधीक्षक, अंतागढ़ एसडीएम, तहसीलदार पर भी जांच बिठाई जाए, ताकि इस पूरे घटनाक्रम में उनकी संदिग्ध भूमिका भी उजागर हो सके। यदि शासन-प्रशासन सर्व समाज के अधिकारों की एवं संस्कृति की रक्षा करने में असफल होता, तो समाज अपने अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर अदालत तक संघर्ष करने को बाध्य होगा। उक्त बातें मंगलवार को आयोजित पत्रवार्ता में सर्व समाज, बस्तर एवं जनजाति सुरक्षा मंच के विश्व हिंदू परिषद से विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी, विभाग सह मंत्री श्रीनिवास रेड्डी, जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, जिला मंत्री नवीन देवांगन, सर्व आदिवासी समाज से पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम, राजाराम तोड़ेम, दशरथ कश्यप, सर्व हिंदू समाज से अध्यक्ष धर्मचंद, सचिव रंजीत पांडे ने कही। पत्रवार्ता में भी विहिप मुन्ना कोरी, सन्नी रैली, विष्णु ठाकुर, अजय सिंह, तमिश नायडू, विक्रम ठाकुर व अन्य शामिल रहे।

उन्होंने कहा कि 15 दिसंबर को बड़ेतेवड़ा गांव निवासी चमरा राम सलाम की मृत्यु से जुड़ी है। मृतक का पुत्र राजमन सलाम, जो वर्तमान में गांव का सरपंच है, उसी रात लगभग 10 बजे शव को गांव लेकर पहुंचा। 16 दिसंबर की सुबह ग्राम समाज के परंपरागत पदाधिकारी एवं वरिष्ठ ग्रामीण शव के अंतिम संस्कार के विषय में चर्चा हेतु एकत्रित हुए। इस दौरान ग्राम सभा की अनुमति के बिना बाहरी व्यक्तियों, भीम आर्मी से जुड़े पदाधिकारी एवं पॉस्टर-पादरी की उपस्थिति पाई गई। ग्रामीणों द्वारा कहा गया कि गांव का श्मशान स्थल जनजातीय आस्था, पेन-पुरखा परंपरा एवं सामाजिक नियमों के अनुसार संचालित होता है और अंतिम संस्कार उसी विधि से किया जाना चाहिए। इसके बावजूद सरपंच श्री सलाम एवं उसके परिजनों द्वारा धमकीपूर्ण भाषा का प्रयोग करते हुए निजी भूमि में ईसाई रीति-रिवाज से शव दफन करने की घोषणा की गई, जिससे गांव में भय और तनाव का वातावरण उत्पन्न हुआ। सुबह लगभग 9 बजे पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे, पर उनके समझाने के बावजूद निजी भूमि में कब्र खोदने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की घटनाएं भी सामने आईं। इसके बाद भी शव को ईसाई रीति से निजी भूमि में दफन कर दिया गया, जो पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में ग्राम सभा और विधि-नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। घटना के पश्चात तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे, परंतु ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन को लेने से उनके द्वारा इंकार किया गया।





### निहत्थे ग्रामीणों पर किया हमला

साथ ही कहा कि 17 दिसंबर की सुबह प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के विपरीत, कब्र स्थल पर पक्का चबूतरा निर्मित पाया गया। इसी दौरान बड़ी संख्या में बाहरी लोगों द्वारा संगठित रूप से निहत्थे ग्रामीणों पर हमला किया गया, जिसमें लगभग 25 ग्रामीण घायल हुए, जिनमें 11 को गंभीर चोटें आईं। इस दौरान पुलिस द्वारा हमलावरों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई। 18 दिसंबर को स्थिति और अधिक गंभीर हो गई। भीम आर्मी से जुड़े व्हाट्सएप संदेशों एवं वीडियो के माध्यम से भीड़ जुटाने के प्रमाण सामने आए, इसके बावजूद पुलिस अधीक्षक द्वारा कोई निवारण कार्रवाई नहीं की गई।

# रोटेरियन नवीन भावसार बने डिस्ट्रिक गवर्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



रविवार को ओमाया गार्डन में रोटरी डिस्ट्रिक 3261 की वार्षिक डिस्ट्रिक कॉन्फ्रेंस संगम मित्रों का.. का आयोजन किया गया। जिसमें

- 23 मतों के अंतर से प्रतिद्वंदी से शानदार जीत दर्ज की
- 53 वर्षों में पहली बार जगदलपुर से डिस्ट्रिक गवर्नर

डिस्ट्रिक गवर्नर सत्र 2028–29 के लिए निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। जगदलपुर के रोटेरियन नवीन भावसार ने 23 मतों के स्पष्ट अंतर से शानदार जीत दर्ज की। उन्हें कुल 92 मत मिले जबकि प्रतिद्वंदी उम्मीदवार को 69 मत। यह परिणाम रोटरी क्लब जगदलपुर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। स्थानीय क्लब को 1 दिसंबर 1972 को चार्टर प्राप्त हुआ था। अपने 53 वर्षों के इतिहास में यह पहला अवसर है जब जगदलपुर क्लब का कोई सदस्य डिस्ट्रिक गवर्नर के पद पर निर्वाचित हुआ है। यह उपलब्धि न केवल क्लब, बल्कि पूरे बस्तर अंचल के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। ऐतिहासिक विजय के साथ रो. नवीन भावसार ने डिस्ट्रिक 3261 को सेवा, एकता और उत्कृष्ट नेतृत्व के नए शिखर तक ले जाने के संकल्प को दोहराया। यह डिस्ट्रिक कॉन्फ्रेंस डिस्ट्रिक गवर्नर 2025-26 रो. अमित जयसवाल के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसका होस्ट धमतरी रहा, जबकि रायपुर, भिलाई एवं जगदलपुर के सभी क्लबों ने कोहोस्ट के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई। क्लब के पदाधिकारी में अध्यक्ष रो. राहुल जैन, सचिव रो. अमरदीप सिंह सोढ़ी, असिस्टेंट गवर्नर रो. कमल सेठी है। रोटरी डिस्ट्रिक 3261 का कार्यक्षेत्र अत्यंत व्यापक है, जिसमें पूरा छत्तीसगढ़ राज्य, ओडिशा का पश्चिमी भाग तथा मध्यप्रदेश का महाकौशल क्षेत्र शामिल है। डिस्ट्रिक में वर्तमान में 99 सक्रिय क्लब हैं और 3,500 से अधिक सदस्य सेवा कार्यों से जुड़े हुए हैं। उल्लेखनीय है कि इस डिस्ट्रिक कॉन्फ्रेंस में डिस्ट्रिक के 3,500 से अधिक सदस्यों में से 1,200 से अधिक रोटेरियनों ने सहभागिता दर्ज कराई, जो कॉन्फ्रेंस की ऐतिहासिक सफलता को दर्शाता है।

# नक्सलियों का डंप विस्फोटक और आईईडी किया बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीजापुर जिले के करेंगुट्टा हिल्स के डोलीगुट्टा चोटी और ताड़पाला घाटी क्षेत्र के दुर्गम जंगलों में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान माओवादियों का एक बड़ा डंप सुरक्षाबलों ने बरामद किया है। इस डंप को जमीन के अंदर छुपाकर रखा गया था। इस संयुक्त कार्रवाई में जिला बल, कोबरा 204 और सीआरपीएफ 196 की टीम शामिल रही। संयुक्त टीम को ऑपरेशन के दौरान उसूर में माओवादियों के बड़े डंप के अलावा करेर्गुट्टा हिल्स के डोलीगुट्टा में प्रेशर आईईडी भी बरामद कर डिफ्यूज किया गया है। कार्रवाई में जिला बल, कोबरा 204 और सीआरपीएफ 196 की टीम शामिल रही। बीजापुर एसपी डॉ. जितेंद्र यादव ने बताया कि सुरक्षा बलों को सघन तलाशी के दौरान उसूर अंतर्गत एफओबी ताड़पाला घाटी क्षेत्र के जंगलों में माओवादियों का एक बड़ा डंप बरामद हुआ है। इस डंप में हथियारों की मरम्मत में उपयोग आने वाले भारी उपकरण, बीजीएल सेल निर्माण की सामग्री, बीजीएल टेल, स्टील प्लेट, स्क्रू ड्राइवर, हैक्सा ब्लेड, प्लायर सहित अन्य तकनीकी उपकरण बड़ी मात्रा में मिले हैं। करेर्गुट्टा हिल्स के डोलीगुट्टा चोटी इलाके में माओवादियों के लगाए 2 प्रेशर आईईडी बरामद किया गया। जवानों द्वारा सतर्कता दिखाते हुए कोबरा 204 की बम निरोधक दस्ता को मौके पर बुलाया गया। जिसने दोनों बम को मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया।

# साम्प्रदायिक दंगा भड़काने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कांकेर जिला विकासखण्ड अंतागढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम आमाबेड़ा और बड़ेदेवड़ा में 18 दिसंबर को हुए साम्प्रदायिक दंगा भड़काने और तीन चर्च को तोड़कर आग लगाने वाले एवं सरपंच राजमन सलाम के घर में आग

- सरपंच के घर में आग लगाकर 4.50 लाख की लूट करने पर की निष्पक्ष जांच

लगाकर घर रखे गए 4.50 लाख रुपए की लूट करने वालो पर निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए। उक्त बातें मंगलवार को अयोजित प्रेसवार्ता में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुयल कुमार नाग एवं संभागीय पदाधिकारी सुभाष मेश्राम ने कही।

उन्होंने कहा कि जब स्व. चमराराम सलाम जो आदिवासी रूढ़ि प्रथा को मानते थे, जिनका किसी भी तरह से ईसाई समुदाय से कोई आस्था नहीं थी, जिनकी मृत्यु उपरान्त उनके पांच पुत्रों में से एक पुत्र राजमन सलाम ने सर्व आदिवासी समाज के बड़े पदाधिकारियों से बात की। सर्व आदिवासी समाज द्वारा शव को अपने निजी भूमि बाड़ी में आदिवासी रीति से दफन करने के लिए अनुमति मांगी गई। समाज प्रमुखों का कहना था कि हम किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाएंगे अपने गांव के ही मांझी, पटेल और ग्रामीण लोगों को बुलाकर आदिवासी रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार कर लो, उसके बाद 16 दिसंबर को ग्रामीण और परिवार के लोगों की उपस्थिति में शव को दफन कर अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के चार पुत्र रूढ़िप्रिथा आदिवासी संस्कृति को मानते हैं, लेकिन ग्रामीणों को भड़काकर और आसपास के लोगों को लेकर 17 दिसंबर को कब्र खोदकर शव को निकालकर कहीं और ले जाने की जिद पर अड़ गए। पुलिस प्रशासन और कांकेर डिप्टी कलेक्टर द्वारा मना किया गया तो ग्राम के सुकडूराम मांचले हारा हुआ सरपंच प्रत्याशी, रवि मण्डावी, श्यामसिंग सर्फ उप सरपंच, हिराउराम सलाम पटेल जो अपने साथ 500 से 600 ग्रामीणों के साथ आए थे और दुखी परिवार के साथ मारपीट करने लगे। उसके बाद 18 दिसंबर को पुलिस प्रशासन द्वारा धारा 144 लागू कर दी गई थी, उसके बाद भी आमाबेड़ा पंचायत में 1500 से 2000 लोग उपस्थित होकर आमसभा लगाई गई। जिसमें कब्र से शव को खोदकर किसी अन्य स्थान पर ले जाने का दबाव बनाया गया।



### मामले में राजनीति का एक बहुत बड़ा हाथ

भीम आर्मी संगठन को ऐसा प्रतीत हुआ कि कांकेर जिला प्रशासन कानून व्यवस्था लागू करने से रोकने में स्थानीय राजनीति का एक बहुत बड़ा हाथ है, जिसमें कई ऐसे बाहरी संगठन जो लगातार आदिवासी भाई-बहनों को भड़काकर अपने ही आदिवासी भाईयों से लड़ा रहे है, यह संगठन कुछ वर्षों से ही हमारे बस्तर संभाग के अंदर काम कर रहा है और लगातार आदिवासी बनाम ईसाई जैसे भड़काऊ भाषण देकर आदिवासियों को आपस में लड़ा रहे हैं।

# सर्वसमाज के बंद को चेम्बर ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- छत्तीसगढ़ बंद के आव्हान का बस्तर में भी रहेगा असर

बस्तर चेम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की मंगलवार को कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्व समाज छत्तीसगढ़ से प्राप्त पत्र जिसमें कांकेर जिला के आमाबेड़ा में मिशनरियों द्वारा स्थानीय जनजातीय समाज पर हुए योजनापूर्वक हमलों स्थानीय प्रशासकीय अधिकारियों के भेदभाव रवैये और पूरे प्रदेश में प्रलोभन और धोखे से हो रहे धर्मान्तरण की घटनाओं के विरोध में सर्व समाज द्वारा 24 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ बंद के आव्हान को चेम्बर पूर्ण समर्थन करती है। इस बंद को आवश्यक सेवा से दूर रखा गया है। बैठक में अध्यक्ष श्याम सोमानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल बोथरा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कमल सेठी महामंत्री नवरतन जलोटा, उपाध्यक्ष राजकुमार दण्डवानी, मंत्री गजेन्द्र चांडक, दीपक भानुशाली, श्रीपाल तातेड़ कोषाध्यक्ष एम. श्रीधर राव मद्दी, जूनियर चेम्बर अध्यक्ष निशांत नाहटा, सचिव देवेश सोनी, पंकज सिंघल, सुभाष राय, विपिन जोबनपुत्रा, शिवनारायण चांडक, शिखर मालू, मोहर झा, सुनील दण्डवानी, प्रमोद मोतीवाला, रामचंद गुप्ता, चन्द्रेश चांडक, प्रकाश बुरड़, जुगतमल चांडक, विवेक जैन, दीपक खत्री, सुरज कश्यप, लक्ष्मण सिंह राजपुरोहित, मनोज मूलचंदानी अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# मध्यप्रदेश की शराब खपाने से पहले धरा गया तस्कर, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आबकारी विभाग ने जिले के चितापुर में रेड कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में मध्यप्रदेश निर्मित विलायती शराब जब्त किया है। शराब

- 3.25 लाख की अवैध विलायती शराब गोवा जब्त
- आबकारी की टीम ने चितापुर में रेड मारकर की कार्रवाई

की अनुमानित कीमत 3.25 लाख रूपए आंका गया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

अवैध शराब डंप किए जाने की सूचना पर जिला आबकारी अधिकारी अमन सिंह के निर्देश पर आबकारी उप निरीक्षक मनोज कुमार यादव, अंकित सिंह राठौर व मुकेश कोरी की अगुवाई में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा ग्राम चितापुर में सोनारू पिता भागरथी के मकान में छापेमार कार्रवाई करते हुए मकान के किचन से लगे कमरे में रखा 50 कार्टून रखा 2 हजार 5 सौ बाटल शराब जब्त किया गया। जांच में पता लगा कि जब्त गोवा स्प्रिंट ऑफ स्मूथनेस ब्राण्ड का मध्यप्रदेश प्रान्त में निर्मित व विक्रय नॉन ड्यूटी पेड विदेशी मदिरा व्हिस्की मात्रा 450 बल्क लीटर बस्तर में खपाने की साजिश थी। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क), 34(2), 36, 59-क के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 3 लाख 25 हजार रूपए आंकी गई है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मनोज कुमार यादव, अंकित सिंह राठौर व मुकेश कोरी के अलावा मुख्य आरक्षक शिवप्रसाद सिन्हा, श्यामसुंदर केशरी, आरक्षक शैलेष पाण्डेय एवं कोमल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला आबकारी अधिकारी अमन सिंह ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है जो आगे भी जारी रहेगी।





# कांकेर की घटना पर बंद सही लेकिन कारण गलत : अमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने कांकेर जिले के अमामुड़ा (बड़े तिवड़ा) गांव में घटित घटना को शर्मनाक, अमानवीय और असंवैधानिक करार दिया है। पार्टी का मत है कि इस घटना के विरोध में राज्यव्यापी बंद नैतिक रूप से सही है, लेकिन जिस कारण से बंद का आह्वान किया गया है, वह पूरी तरह गलत और भ्रामक है।

पार्टी अध्यक्ष अमित जोगी ने जारी बयान में कहा कि अमामुड़ा (बड़े तिवड़ा) में जो हुआ वह केवल एक गांव की घटना नहीं है। यह छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश की सामूहिक चेतना को झकझोर देने वाला कृत्य है। समाज में एक पुरानी कहावत है गड़े मुर्दे नहीं उखाड़े जाते। लेकिन इस गांव में एक मृत व्यक्ति की कब्र को खोदकर उसकी देह को बाहर निकाला गया जो किसी भी सभ्य समाज में अकल्पनीय है।

अमित जोगी व बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने स्पष्ट किया कि भारत के हर नागरिक को अपने धर्म और विश्वास के अनुसार सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार या दफन का संवैधानिक अधिकार है।





### दफनाने का अधिकार छीना गया, यही असली मुद्दा है

उन्होंने कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान में किसी भी सरकार या सत्ता को यह अधिकार नहीं दिया गया है कि वह किसी मृत व्यक्ति की गरिमा को ठेस पहुंचाए या उसके परिवार से अंतिम संस्कार, दफन का अधिकार छीन ले। सयुंक्त रूप से कहा हम बंद का समर्थन करते है, लेकिन इसलिए नहीं कि दफनाया जाना गलत था, बल्कि इसलिए कि दफनाने का अधिकार छीना गया यही असली मुद्दा है।